# भाजपा ने पांच राज्यों में अगले साल होने वाले चुनावों पर मंथन किया

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक आयोजित

**जयपुर**। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को दिल्ली में आयोजित की गई। इसके साथ ही करोना गाइडलाइन को देखते हुए सभी प्रदेशों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया एवं प्रदेश के अन्य नेताओं ने जुड़कर संवाद किया।

- **उप चुनाव में हुई हार पर चुप्पी साधी, जीतने वालों को बधाई दी**

बैठक में उप चुनाव में हुई हार पर नेताओं ने चुप्पी साधे रखी। जहां पार्टी को जीत मिली, वहां जीतने वाले लोगों को बधाई दी गई, लेकिन जिन राज्यों में हार मिली, वहां आलाकमान ने कोई बात नहीं की।

उप चुनाव में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में पार्टी को हार सामना करना पड़ा है। उम्मीद थी कि बैठक में हार के कारणों की समीक्षा होगी, लेकिन आलाकमान ने केवल गहलोत सरकार के राज में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर ही बात रखी। बैठक के बाद भाजपा मुख्यालय से निकले नेताओं ने पूरे मामले पर चुप्पी साधे रखी।

बैठक का पूरा फोकस पांच राज्यों में अगले साल होने वाले चुनाव पर रखा गया। इस दौरान भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। पूरे देशभर से कार्यसमिति सदस्यों ने वर्चुअली बैठक में हिस्सा लिया। जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद ओम माथुर, सांसद जसकौर मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बैठक में हिस्सा लिया।

इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर और प्रदेश के तीनों केंद्रीय मंत्रियों ने दिल्ली में बैठक में शामिल हुए।




**भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में रविवार को जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद ओम माथुर, सांसद जसकौर मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बैठक में हिस्सा लिया।**

## खाचरियावास का जयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**जयपुर**, (कासं)। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के सफलतम नेतृत्व में वल्लभनगर में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत और भाजपा उम्मीदवार की जमानत जप्त होने से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर 52 के एक मैरिज गार्डन में कांग्रेस महासचिव रोहिताश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रताप सिंह खाचरियावास का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन और भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया।

सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा की पूरे प्रदेश में कांग्रेस की गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी और विकास की नीतियों की प्रशंसा हो रही है, यही कारण है कि मेवाड़ की धरती पर वल्लभनगर और धरियाबाद में वहां के मतदाताओं ने भाजपा के झूठ, फरेब और धोखे को हराकर कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताया। उन्होंने कहा कि जेडीए और नगर निगम में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत सरकारों द्वारा पट्टा देने के लिए दी गई छूट का लाभ जनता को मिले इसके लिए जेडीए नगर निगम के अधिकारियों की वे शीघ्र ही मीटिंग लेकर कैंप में बैठकर जनता को पट्टे देने की कार्यवाही को गति प्रदान करेंगे। मंत्री खाचरियावास के स्वागत कार्यक्रम में जिला महासचिव-रोहताश सिंह चौहान, पार्षद- मनोज मुदगल, साधु राम शर्मा, उत्तम शर्मा, रश्मि गुजराती, ज्योति चौहान, वार्ड अध्यक्ष-मनोज जांगिड़ सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पोएट्री के पास लाइसेंस है, जो कि अन्य शैलियों में नहीं मिलता : जगदीप सिंह



**जयपुर के कवि जगदीप सिंह की पुस्तक ''माय एपीटॉफ'' का विमोचन पूर्व पर्यटन मंत्री बीना काक, जयपुर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, अपूर्व कुमार और अभिनेता सुहास अहूजा ने किया।**

**जयपुर**, (कासं)। जयपुर के कवि जगदीप सिंह ने कहा कि पोएट्री के पास लाइसेंस है, जो कि अन्य शैलियों में नहीं मिलता। इससे कवि के लिए कल्पना और शब्दों के परस्पर मेल से अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करना आसान हो जाता है। नाटक लिखने वाले और उपन्यासकारों के लिए ये सुविधा नहीं होती। वे मुंबई के अभिनेता, गायक और गीतकार सुहास आहूजा के साथ रविवार को होटल क्लार्क्स आमेर में अपने कविता संग्रह माय एपीटॉफ पुस्तक पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। चर्चा से पहले इस पुस्तक का विमोचन पूर्व पर्यटन मंत्री बीना काक, अध्यक्ष, जयपुर सिटीजन फोरम, राजीव अरोड़ा, अपूर्व कुमार और अभिनेता सुहास अहूजा ने किया।

पुस्तक पर चर्चा के दौरान उन्होंने कविताओं के लेखन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे कन्फेशनल कविता सब्जेक्टिव और ऑब्जेक्टिव कविता से भिन्न होती है। उन्होंने कहा कि टीएस एलियॉट और एज्रा पाउंड जैसे क्लासिस्ट कवियों की प्रतिक्रिया के रूप में, सिल्विया प्लाथ और ऐन सेक्सटन जैसे कवियों की व्यक्तिगत भावनाओं को प्रभावित करने वाली कन्फेशनल कविताएं ट्रेंड बन गई। और उसके बाद, कन्टेम्परी कविता में कन्फेशनल कवियों का एलिमेंट भी होता है, जब वे अपनी आंतरिक भावनाओं और स्वयं के भीतर के असमंजस को प्रदर्शित करते हैं।

इस दौरान कवि ने दर्शकों के लिए अपनी कुछ कविताएं भी पढ़ीं जैसे माय एपीटॉफ, फॉर सिल्विया प्लाथ आदि। इनमें से एक कविता, टू महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय जयपुर के लोगों की सिविक सेंस पर व्यंग्य थी। चर्चा के बाद सवाल-जवाब का राउंड हुआ जिसमें जयपुर के साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में प्रश्न पूछे।

# 'समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदने की मांग को लेकर कल मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे किसान'

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में दिवाली पर भी समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बाजरा खरीदने की घोषणा नहीं करने पर गहलोत सरकार से खफा किसान महापंचायत ने अब मुख्यमंत्री निवास को घेरने की घोषणा कर दी है। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने 9 नवम्बर को मुख्यमंत्री निवास पर किसानों से कूच करने का ऐलान किया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि गहलोत सरकार एमएसपी पर फसल नहीं खरीद रही जिससे बिचौलिए किसानों से लूट रहे हैं। औने-पौने दाम देकर किसानों की फसलें खरीदी जा रही हैं। मजबूरी में दुखी मन से किसान प्रोडक्शन कॉस्ट से भी सस्ता बाजरा बेच रहे हैं।

रामपाल जाट ने कहा कि इस साल किसानों ने 37.36 लाख हेक्टेयर जमीन पर बाजरे की खेती की थी। सरकारी अनुमान के अनुसार सम्भावित बाजरे की पैदावार 44.87 लाख मीट्रिक टन है। केन्द्र सरकार ने बाजरे का मिनिमम सपोर्ट प्राइस प्रति क्विंटल 2250 रुपए घोषित किया है लेकिन राजस्थान में बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों को अपना बाजरा 1300-1400 रुपए प्रति क्विंटल के औने-पौने दामों पर बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को 1 क्विंटल पर ही 850 से लेकर 950 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, किसानों को 1 क्विंटल बाजरे के लिए मिलने वाला पैसा सरकार की ओर से एस्टीमेटेड प्रोडक्शन कॉस्ट 1550 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम है। यानि किसानों के बाजरे की प्रोडक्शन कॉस्ट भी नहीं निकल पा रही है।

- **गहलोत सरकार बाजरा नहीं खरीद रही, बिचौलिये किसानों को लूट रहे हैं : रामपाल जाट**

रामपाल जाट ने कहा कि यह हालात तो तब हैं, जब केन्द्र सरकार संसद में कई बार लिखित उत्तर दे चुकी है कि बाजार में एसएसपी से कम भाव होने पर सरकार एमएसपी पर खरीद करेगी। उन्होंने कहा कि हम किसानों को कम दामों में अपनी उपज बेचने को मजबूर नहीं होने देंगे। राजस्थान के पड़ोसी राज्यों हरियाणा, गुजरात और मध्य प्रदेश में बाजरा की खरीद हो रही है। साथ ही पेमेंट में कमी होने पर स्कीम चलाकर एमएसपी दने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान में देश के कुल प्रोडक्शन का 40 फीसदी से ज्यादा बाजरा पैदा होता है।

युवा किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री और प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पिंटु यादव और ऑफिस सेक्रेट्री गोपाल सैनी ने कहा कि प्रदेश भर के बाजरा किसानों से सम्पर्क किया गया है। अब तक किसान दिवाली के त्योहार की वजह से बड़ा आंदोलन करने से बच रहे थे। त्योहार पर भी सरकार की ओर से बाजरा खरीद की घोषणा नहीं होने और बाजरा किसानों का भविष्य अंधकार में नजर आने के कारण अब आर-पार की लड़ाई होगी।

## मनीष कुमार शर्मा निदेशक पद पर नियुक्त



**जयपुर**, (कासं)। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर मनीष कुमार शर्मा को उनके पद के साथ शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक पद पर नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार शर्मा शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक पद पर पूर्णकालिक निदेशक की नियुक्ति अथवा पदस्थापना होने अथवा आगामी आदेशों तक अपना कार्य सम्पादित करेंगे।

# जयपुर जिले में 5 नये करोना संक्रमित मिले

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में रविवार को एक बार फिर 5 नये करोना संक्रमित रोगी मिले हैं। प्रदेश से शेष 32 जिलों में कोई भी रोगी नहीं मिला है। राहत की बात यह है कि 4 संक्रमित इस महामारी से रिकवर होकर घर भी लौटे हैं। इनमें तीन मरीज जयपुर और एक मरीज अजमेर का है।

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेशभर में करोना के 45 एक्टिव केस शेष बचे हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा एक्टिव केस जयपुर में 22 है और फिर बीकानेर में 10 है। इनके अलावा अजमेर में 4, जोधपुर, टोंक, श्रीगंगानगर और बाड़मेर में 2-2 तथा बारां में 1 एक्टिव केस है।

वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विभाग ने रविवार को प्रदेशभर में 17 हजार 230 लोगों को कोविड वैक्सीन लगाई। इनमें से 2225 मरीजों को पहली तथा 15 हजार पांच मरीजों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगी। कोविशील्ड वैक्सीन के लिए 27 तथा कोवैक्सीन के लिए 6 सेंटर्स बनाये गये थे।

- **शेष 32 जिलों में कोई नया मरीज नहीं मिला**
- **प्रदेश भर में फिलहाल 45 एक्टिव केस शेष**

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये राजस्थान पुलिस का दल यूपी रवाना

**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान पुलिस की तीरंदाजी टीम का 25 सदस्यीय दल आज उत्तरप्रदेश में नोएडा के लिए रवाना हो गया है। इस दल में कुल 22 खिलाड़ी हैं जिनमे एक आरपीएस प्रोबेशनर, एक सब इंस्पेक्टर समेत 12 पुरुष व 10 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन एवं मुख्य खेल अधिकारी राजस्थान पुलिस जंगा श्रीनिवास राव ने बताया कि आगामी 9 से 13 नवम्बर तक भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा 39वीं वाहिनी, आईटीबीपी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दसवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरदांजी प्रतियोगिता-2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान पुलिस तीरदांजी टीम के 22 अधिकारी व कर्मचारियों को कम्पनी कमाण्डर, दसवीं बटालियन आरएसी एवं टीम मैनेजर अजीत पाल के नेतृत्व में रविवार को राजकीय बस द्वारा रवाना कर दिया गया है। राजस्थान तीरंदाजी टीम के खिलाड़ियों की पुरुष टीम में आरपीएस प्रोबेशनर रजत चौहान, उप निरीक्षक सर्वेश पारीक, हैड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह शेखावत व प्रवीण कुमार तथा कॉन्स्टेबल राहुल मीणा, धूलजी तीरगर, दिनेश कुमार, श्याम लाल, महेन्द्र मईडा, रवि शर्मा, गोविन्द सिंह व लक्ष्मण निनामा और महिला टीम में हैड कॉन्स्टेबल मुनियां माली, दीपमाला, मीना चतुर्वेदी व वर्षा सैनी तथा कॉन्स्टेबल नीरज शर्मा, सुमन रानी, प्रियंका मीणा, मनीषा ननोमा, सुप्यार व प्राची सिंह शामिल है।

- **दल में कुल 22 खिलाड़ी हैं जिनमे एक आरपीएस प्रोबेशनर, एक सब इंस्पेक्टर समेत 12 पुरुष व 10 महिला खिलाड़ी शामिल हैं**

## पशुपालन विभाग के 93 अधिकारी पदोन्नत

**जयपुर**, (का.सं.)। पशुपालन विभाग ने विभिन्न संवर्ग के 93 अधिकारियों की पदोन्नति की है। पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक की पदोन्नति के लिए गत 25 अक्टूबर को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में अधिकारियों की पदोन्नति पर निर्णय लिया गया। इसी क्रम में विभाग के सामान्य एवं विशिष्ट शाखा के 40 उप निदेशक तथा 53 संयुक्त निदेशक संवर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि यह पदोन्नति होने से काफी समय से रिक्त चल रहे विभागीय अधिकारियों के महत्वपूर्ण पदों को भरा जा सकेगा जिससे विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं को गति मिलेगी और पशुपालकों को ज्यादा बेहतर ढ़ंग से लाभान्वित किया जा सकेगा।

# अपनी कुर्सी की सुरक्षा के साथ आमजन की सुरक्षा के बारे में भी सोचिए : डॉ. पूनिया

**जयपुर**। जयपुर में भाजपा की पूर्व विधायक अमृता मेघवाल पर हमले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने ट्विटर पर सरकार को घेरते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जयपुर में पूर्व विधायक अमृता मेघवाल पर पत्थरों से हमला दर्शाता है कि जब अपराधियों के हौंसले राजधानी में ही इतने बुलंद हैं तो बाकी स्थानों पर क्या हाल होगा? आप गृहमंत्री है, अपनी कुर्सी की सुरक्षा के साथ आमजन की सुरक्षा के बारे में भी सोचिए।

- **अपराधियों के हवाले है पूरा प्रदेश : गजेन्द्र सिंह शेखावत**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश अपराधियों के हवाले है।

ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपराधों पर बोलते, कहते और लिखते अब खुद के बारे में भी सोचना पड़ता है कि राजस्थान में क्या हमारी सुनवाई है? उन्होंने कहा कि जनता ने हमें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना है। क्या हम कह सकते हैं कि हम सुरक्षित हैं, क्योंकि जब हम अपने ही गृह प्रदेश में यह नहीं कह सकते तो जनता को कैसे आश्वस्त करें?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोत, अमृता मेघवाल की गलती यह थी कि उन्हें असामाजिक तत्त्वों को समझाने से पहले आपसे पूछ लेना था कि क्या वे स्वयं सुरक्षित हैं? पूरा प्रदेश तो वैसे भी अपराधियों के हवाले है।

## मामूली कहासुनी पर बदमाशों ने की तोड़फोड़

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के जयसिंहपुरा खोर में दीपावली के दिन बच्चों के बीच मामूली कहासुनी होने पर बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट कर डाली। राजीनामा करवाने की बात से नाराज होकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पडौस के लोगों ने बीच-बचाव किया तो उनसे भी मारपीट की। घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर फरार हो गए।

जयसिंहपुरा खोर निवासी युवती ने रिपोर्ट दी कि दीपावली के दिन पडौस में छोटे बच्चों के बीच मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई थी। रात के समय अचानक संतोष मिश्रा, जीतू, टिड्डा घर में घुस आए। महिलाओं से मारपीट कर छेड़छाड़ की। महिलाओं की चीखने की आवाज सुनकर पडौस के लोग बचाव करने लगे। बदमाशों ने पडौसियों से भी मारपीट की और गली में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। जब आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ती दिखी तो बदमाश वहां से भाग छूटे। दरअसल दिन में विवाद होने पर राजीनामा करवा दिया था। राजीनामा कराने और बीच बचाव कराने की बात को लेकर रात में यह वारदात की। दीपावली से एक दिन पहले भी जयसिंहपुरा खोर के मानबाग में बदमाशों ने गाड़ियों में तोडफोड की थी। जयसिंहपुरा खोर पुलिस ने 4 बदमाशों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया था।

# रीट और सब इंस्पेक्टर भर्ती की जांच सीबीआई से करवाने की मांग पर अड़े बेरोजगार युवा

## राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बोले ''जिन अभ्यर्थियों तक पेपर पहुंचा उन्हें क्यों बचा रही सरकार?''



**राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ( रीट ) और सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर बेरोजगारों का धरना शहीद स्मारक पर 25वें दिन भी जारी है।**

- **राजस्थान के 1 हजार बेरोजगार उत्तर प्रदेश पहुंचकर प्रियंका गांधी और राहुल की रैलियों में विरोध करेंगे, ताकि राजस्थान सरकार की कथनी-करनी के अंतर को कांग्रेस के आला नेता भी जान सकें : उपेन यादव**
- **''इस विरोध आंदोलन के लिए 50 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल 11 नवंबर को ही उत्तर प्रदेश चला जाएगा। जो वहां एक हजार से ज्यादा युवाओं के ठहरने, भोजन और विरोध की रणनीति तैयार करेगा।''**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) और सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर बेरोजगारों का धरना बीते 25 दिन भी जारी है। जयपुर के शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे बेरोजगार अब सरकार के खिलाफ आर-पार की लडाई का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में बेरोजगार अब राजस्थान के साथ कांग्रेस के खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी महापडाव डालेंगे।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी की है। रीट भर्ती परीक्षा में हुई धांधली के आरोपियों को पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है, लेकिन सरकार ने आनन-फानन में रिजल्ट जारी कर दिया। जबकि जिन लोगों तक फर्जी तरीके से पेपर पहुंचा था। उनकी मान्यता निरस्त कर उन्हें पकड़ा जाना चाहिए था। लेकिन सरकार इस पूरे प्रकरण पर खानापूर्ति कर वाहवाही लूटना चाह रही है। जिसे प्रदेश के बेरोजगार कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उपेन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांठोस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और राहुल गाँधी प्रचार करेंगे। ऐसे में अब राजस्थान के 1 हजार से ज्यादा बेरोजगार उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी और राहुल की रैलियों में विरोध करेंगे। ताकि राजस्थान सरकार की कथनी और करनी के अंतर को कांग्रेस के आला नेताओं को भी पता चल सके। उपेन ने कहा कि इसके लिए 50 सदस्य प्रतिनिधिमंडल 11 नवंबर को ही उत्तर प्रदेश चला जाएगा। जो वहां एक हजार से ज्यादा युवाओं के ठहरने, भोजन और विरोध की रणनीति तैयार करेगा।

## जिफ के लिए चुनी गई 182 फिल्में

**जयपुर** (कासं)। 14वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ 2022) के लिए दुनिया भर से 82 देशों से लगभग 1500 फिल्मों के आवेदन प्राप्त हुए। जिफ आयोजन समिति ने इनमें से जिफ के लिए 10 श्रेणियों में नामांकित फिल्मों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में में 52 देशों की 182 फिल्मों को स्थान मिला है।

15 देशों से 28 ज्यूरी सदस्यों ने ये फिल्में चुनी हैं। प्रथम सूची में जिफ का ये अब तक का सबसे बड़ा सलेक्शन है। पिछले साल जिफ 2021 के लिए इस समय तक 80 देशों से 1484 फिल्में प्राप्त हुई थी जिनमें से 38 देशों की 161 फिल्मों का नॉमिनेशन हुआ था। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 7 से 11 जनवरी 2022 तक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 10 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 24 फीचर फिक्शन फिल्म,22 डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म,88 शॉर्ट फिक्शन फिल्म,18 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 11 शॉर्ट एनिमेशन फिल्म,4 मोबाइल फिल्म, 5 वेब सीरीज़,1 एड फिल्म, 9 सॉन्ग और इनमें 10 स्टूडेंट्स फिल्मस शामिल हैं। जिफ में अक्सा, लव लेबोरेट्री, सॉरी आई फॉरगिव यू, विग्गलर आदि चायना से, एटलस स्विट्जरलैंड से, मेक बिल्वर्स जापान से, द लास्ट बाथ पुर्तगाल से, वेरोना ब्राजील से, दो नॉट हेजिटेट नीदरलैंड्स से, द अगली ट्रूथ जर्मनी से, द फाइनल स्टैंड रशिया से, संभाला किर्गिस्तान से और भारत से ब्रिज, नट्यम, गिलियु पनजाराडोलीला, नानी, बाबा बेबी ओ दालचीनी और लुल्लाबाय आदि फिल्मों का चयन किया गया है। फेस्टिवल में विश्व भर के जाने पहचाने और प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार जीत चुके फिल्मकारों की फिल्मों का चयन हुआ है। जिफ में पहले बार चायना, जापान और साउथ कोरिया से बड़ी संख्या में फिल्म सब्मिट हुई है और नॉमिनेट भी हुई हैं। 05 दिसम्बर 2021 को नामांकित फिल्मों की दूसरी सूची जारी की जाएगी।

## बैठक में जुटे हरियाणा गौड़ ब्राह्मण

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के तहत शास्त्री नगर इकाई में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एकमत होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बाबूलाल टीलावाला को समर्थन दिया। साथ ही अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अन्य सामाजिक हितों को पूर्ण करने पर चर्चा की। पूर्व केबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी, इकाई अध्यक्ष राजू दंडायत, ओम बलेसरा, लक्ष्मीनारायण दंडायत, बाबूलाल बापलावत, राजेंद्र बापलावत, दिनेश दंडायत, रमेश दंडायत, नंदलाल दंडायत मौजूद थे।